हरिभूमि

# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, मंगलवार 19 दिसंबर 2023

गंजबासौदा | सांची | सिरोंज | लटेरी | गैरतगंज | बेगमगंज | सुल्तानपुर | बाड़ी | बरेली

04 विकसित भारत संकल्प यात्रा पहुंच रही ग्राम-ग्राम...



07 सिरोंज की माटी की सुगंध को पूरे देश में महका रहे ...



## विदिशा मंडी भाव

| उपज | निम्नतम | अधिकतम |
|---|---|---|
| गेहूं शरबती | 2600 | 4400 |
| गेहूं 1544 | 2400 | 3498 |
| चना | 4500 | 6016 |
| मसूर | 5200 | 6016 |
| सोयाबीन | 3000 | 4804 |
| सरसों | 4100 | 5820 |
| धान | 1800 | 4350 |
| तुअर | 0000 | 0000 |
| मक्का | 1827 | 1827 |
| धनिया | 5100 | 6000 |
| उड़द | 7800 | 7850 |

## खबर संक्षेप

### टीएल बैठक अब सोमवार को 11 बजे से

**विदिशा।** कलेक्टर उमाशंकर भार्गव ने हरेक सोमवार को आयोजित होने वाली लंबित आवेदनों की समीक्षा बैठक के समय में परिवर्तन किया है। अब यह बैठक आगामी सोमवार से सुबह 11 बजे से शुरू होगी। गौरतलब हो कि पूर्व में बैठक 10.30 बजे से शुरू होती थी। सभी विभागों के जिलाधिकारियों को संशोधित नियत समय पर कलेक्टेट के बेतवा सभागार कक्ष में उपस्थित होने की सूचना दी गई है।

### यात्रा की आईईसी वैन 12 गांवों में पहुंचेगी

**विदिशा।** विकसित भारत संकल्प यात्रा अंतर्गत जिले की विभिन्न ग्राम पंचायतों में कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। आईईसी वैन जनपद पंचायत वार प्रतिदिन दो-दो ग्राम पंचायतों में आयोजित कार्यक्रमों में शामिल होंगे। मंगलवार 19 दिसम्बर को आईईसी वैन ग्यारसपुर जनपद के चार ग्राम सियासी, कंजेला, चक्कघुनाथपुर, गूलरखेडी, कुरवाई विकासखंड के ग्राम काछीकुम्हारिया, मूडराखेड़ी, लटेरी के ग्राम बापचा, गोलाखेड़ा, नटेरन के ग्राम सेऊ एवं रिनिया तथा सिरोंज जनपद पंचायत में छापू और घुटुआ ग्राम पंचायत में कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं।

### मानव सेवा न्यास में गर्म वस्त्रों का वितरण किया

**विदिशा।** राम विवाह पंचमी के अवसर पर रामजी मिठाई प्रतिष्ठान के संचालक राजेंद्र कुमार झंवर ने मानवसेवा न्यास में 50 व्यक्तियों को गर्म वस्त्रों एवं मिठाई का वितरण किया गया। मानव सेवा न्यास विगत 24 सालों से निशक्त, वृद्धजनों एवं निराश्रित व्यक्तियों को दोनों समय ससम्मान निशुल्क भोजन कराता है। सोमवार को भोजन व्यवस्था जीवन इंटरप्रोजेज देवदत्त रघुवंशी एवं जगदीश यादव के सहयोग से की गई। यह जानकारी मानव सेवा न्यास के अध्यक्ष रमेशचंद्र मंगल एवं सचिव संजय अग्रवाल ने दी।

### कलेक्टर ने कार्यपालन यंत्री से मांगी जानकारी

**विदिशा।** कलेक्टर ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन यंत्री को गर्मियों के दौरान पेयजल आपूर्ति के लिए तैयार की गई कार्ययोजना की जानकारी देने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे काम जो निविदा के माध्यम से किए जाने हैं उनके लिए निविदा शीघ्र प्रकाशित कराने की कार्रवाई की जाए।

# 2 किमी प्रति घंटा बढ़ी हवा की गति, इसलिए ठंड बढ़ी, तापमान 3 डिग्री गिरा

## 4 दिन आसपास में बादल छाए रहने की संभावना, बारिश के भी बन रहे आसार, सोमवार को तापमान 8 डिग्री पर आया



मोतियों सी चमक रहीं ओस की बूंदें...

**विदिशा।** सोमवार को अधिकतम तापमान में एक डिग्री और न्यनूतम तापमान में 3 डिग्री की गिरावट दर्ज हुई। वहीं शाम के समय अचानक से सर्द हवा चली। हवा की गति में भी दो किमी प्रति घंटे बढ़ोतरी हुई है। जिसके कारण सर्दी का असर अधिक दिखाई दे रहा है। मौसम में उतार-चढ़ाव का दौर लगातार जारी है। उत्तर भारत से आ रही सर्द हवाओं के कारण सर्दी का असर बढ़ा है। सर्द हवाओं के चलते दिन में भी ठिठुरन बढ़ गई है। वहीं मौसम विभाग दो दिन बाद ठंड कम होने की संभावना जता रहा है। पिछले एक पखवाड़े से विदिशा में ठंड ने जोर पकड़ लिया है। सुबह शाम को सर्दी असर दिखा रही है। सोमवार को अधिकतम तापमान 23 डिग्री सेल्सियस था तो वहीं न्यूनतम तापमान 8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।



माधव उद्यान में लगे गुलाब के पौधों पर भी ओस की बूंदें जमने लगी हैं। यहां सुबह घूमने वालों की संख्या भी बढ़ गई है।

**हरिभूमि न्यूज. विदिशा।** सर्दी बढ़ जाने के कारण उत्तर भारत में कोहरा पड़ रहा है, जिसका असर ट्रेनों पर भी पढ़ना है ट्रेन कई घंटे लेट चल रही है, जिसका खामियाजा ट्रेन से यात्रा करने वाले यात्रियों भुगतना पड़ा है। मौसम विभाग ने बताया कि पिछले 3 दिन से रात का तापमान 8 से 10 डिग्री सेल्सियस के बीच बना हुआ है। कभी बढ़ जाता है तो कभी घट जाता है। अभी 3 दिन और यही स्थिति रहेगी। शुक्रवार के बाद मौसम साफ हो सकता है। अगले तीन दिन में जिले के कुछ स्थानों पर बारिश होने की संभावना भी मौसम वैज्ञानिक जता रहे हैं। फोटो - शाहिद अहमद

## सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों को प्रताड़ित करने वाले बीएमओ पर कार्रवाई

# कलेक्टर बोले: बीएमओ का रोको वेतन निलंबन प्रस्ताव तैयार करने दिया आदेश

गंजबासौदा बीएमओ डॉक्टर प्रमोद दीवान के खिलाफ कार्रवाई करने के आदेश कलेक्टर उमाशंकर भार्गव ने जारी कर दिए हैं। दो दिसंबर को सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी संघ ने कलेक्टर को बीएमओ द्वारा किए जा रहे अभद्र व्यवहार की शिकायत की थी। कलेक्टर ने जांच के बाद कार्रवाई करने का आश्वासन दिया था।

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

अपने अधिनस्थ कर्मचारियों की बात सुनने की बजाय उन्हे प्रताड़ित करने वाले गंजबासौदा के ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर डॉक्टर प्रमोद दीवान पर अब कार्रवाई होगी। अपनी समस्याओं को लेकर ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर प्रमोद दीवान को 1 दिसंबर के दिन बासौदा ब्लॉक के सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी ज्ञापन देने पहुंचे थे लेकिन उनकी बात सुनने और ज्ञापन लेने के बजाय बीएमओ दीवान कार्यालय बंद करके चले गए थे। कुछ देर बाद वापस आए तो कार्यालय में मौजूद सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों से अभद्र व्यवहार करते हुए सभी का वेतन काटने का आदेश जारी कर दिया। जिससे जिलेभर के हेल्थ ऑफीसर नाराज हो गए और उन्होंने दो दिसंबर को कलेक्टर को ज्ञापन देकर शिकायत की। जिससे बीएमओ ज्यादा नाराज हो गए और उस दिन का भी वेतन कटाने का आदेश जारी कर दिया था।

### महिला कर्मियों को बुलाने की हुई थी शिकायत

उदयपुर स्वास्थ्य केंद्र में पदस्थ महिला सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी ने बीएमओ डॉक्टर प्रमोद दीवान की शिकायत करते हुए कहा था की वह कमरे पर बुलाते हैं। सोमवार को कलेक्टर उमाशंकर भार्गव ने बासौदा विकासखंड के बीएमओ डॉ प्रमोद दीवान द्वारा विकसित भारत संकल्प यात्रा के आयोजनों में रुचि नहीं ली। पदीय दायित्वों के निर्वहन में कोताही बरतने तथा जिन ग्राम पंचायतों में यात्रा कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है उन ग्राम पंचायतों में विधिवत स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन नहीं करने पर वेतन रोकने के निर्देश जिला कोषालय अधिकारी रूपेन्द्र सिंह मरावी को दिए। वहीं सीएमएचओ डॉ योगेश तिवारी को बीएमओ का निलंबन प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश सोमवार को लंबित आवेदनों की समीक्षा बैठक के दौरान दिए हैं।



फोटो एडिटिंग करके सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों का वेतन काटने का मामला

बीएमओ के रवैये से सीएचओ परेशान समस्या लेकर जाते हैं तो करते हैं अभद्रता

**सीएचओ को प्रताड़ित करने वाले बीएमओ की कलेक्टर से शिकायत**

कलेक्टर ने जांच के बाद कार्रवाई का आश्वसन दिया



विदिशा। बीएमओ के खिलाफ कलेक्टर को ज्ञापन देते बासौदा के सीएचओ।


हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

बासौदा बीएमओ डॉक्टर प्रमोद दीवान की प्रताड़ना से परेशान बासौदा के सभी 32 सामुदायिक ... पूछो तो वह अभद्र व्यवहार करते हैं। जिनकी शिकायत सीएमएचओ कार्यालय में भी की जा चुकी है, लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गई।

बीएमओ द्वारा अमानवीय व्यवहार को लेकर हरिभूमि ने प्रमुखता से उठाया था मामला।

# मांस, मटन दुकान संचालक लाइसेंस लेने पहुंच रहे नपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा



मुख्यमंत्री मोहन यादव ने बिना लाइसेंस खुले में मीट बेचने वालों के खिलाफ सख्त आदेश जारी करने के बाद प्रशासनिक अमला एक्शन में आया। अधिकारियों ने खुले में मांस की दुकान लगाने वालों को दुकानदारों को ढंककर सामान बेचने की हिदायत देने के साथ ही लाइसेंस बनवाने की लिए 7 दिन की मोहलत दी है।

प्रशासन की सख्त कार्रवाई की चेतावनी के बाद मांस विक्रेताओं में हड़कंप मच गया। अवैध रूप से दुकान लगाने वाले मांस विक्रेताओं ने नपा पहुंचकर लाइसेंस बनवाने की प्रक्रिया शुरू की।

उल्लेखनीय है कि शहर के कई स्थानों पर खुले में मीट मटन बिकता है। जिसकी लोगों ने कई बार शिकायत की लेकिन प्रशासन ने कोई कार्रवाई नहीं की थी। अब मुख्यमंत्री के आदेश के बाद प्रशासनिक अधिकारी सड़क पर उतरे हैं। नगर पालिका के अधिकारी ने बताया कि लोगों से आवेदन लिए जा रहे हैं। मौके की जांच की जा रही है जिसके बाद एनओसी दी जाएगी। इसके बाद लाइसेंस बनाए जाएंगे। अभी तक शहर में 76 मीट मटन की दुकान का सर्वे किया है। लाइसेंस के नियमों के मुताबिक मांस-मछली बेचने वाले प्रतिष्ठानों में अपारदर्शी कांच का दरवाजा और साफ-सफाई की व्यवस्था होना चाहिए। इसके अलावा किसी भी धार्मिक स्थल से 100 मीटर की दूरी के भीतर उनका विक्रय या प्रदर्शन प्रतिबंधित है।

## 10वीं शिक्षा विभागीय अधिकारी कर्मचारी क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ

# आशीष सक्सेना के 34 रन की बदौलत नटेरन की टीम सेमीफाइनल में पहुंची

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय खेल परिसर में दो दिवसीय लेदर बॉल 10वीं जिला स्तर अधिकारी कर्मचारी विभागीय क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ।

पहले दिन कुरवाई बनाम ग्यारसपुर के बीच मैच खेला गया। रोमांचक मैच में कुरवाई की टीम 4 रन से जीती। दूसरा मैच सिरोंज और नटेरन टीम के बीच हुआ। जिसमें आशीष सक्सेना की धमाकेदार 34 रन की परी की बदौलत नटेरन की टीम ने सेमीफाइनल में जगह बनाई।

इस अवसर पर जिला क्रीड़ा अधिकारी प्रशांत रघुवंशी, प्राचार्य ग्यारसपुर जेपी नेमा ,वरिष्ठ व्यायाम शिक्षक अविनाश निगम, संतोष चतुर्वेदी, विकासखंड कीड़ा अधिकारी जालम सिंह ठाकुर स्वतंत्र जैन, शान मिया, भूपेंद्र शर्मा, पंकज भार्गव, संजय ठाकुर, रविकांत नामदेव आदि शिक्षक एवं अधिकारी उपस्थित रहे। प्रतियोगिता में विदिशा जिले के 6 विकासखंड की टीम भाग ले रही हैं। आज सेमीफाइनल और फाइनल के मुकाबले खेले जाएंगे। मुख्य अतिथि के रूप में भोपाल डिविजन क्रिकेट के सह सचिव संदीप डोंगर एवं खजान सिंह प्राचार्य उत्कृष्ट उमावि विदिशा ने अधिकारी कर्मचारी की क्रिकेट टीम से परिचय प्राप्त किया।



विदिशा। अपनी टीम को जीत दिलाने के लिए शॉर्ट लगाता खिलाड़ी।

### ड्रोन से कीटनाशक दवाओं का छिड़काव

**विदिशा।** विकसित भारत संकल्प यात्रा अंतर्गत ग्राम पंचायतों में कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। ग्राम पंचायतों में ड्रोन के माध्यम से नैनो यूरिया, डीएपी खाद एवं कीटनाशक दवाओं का छिड़काव करने की अपील किसानों से की जा रही है। इसका प्रदर्शन भी मौके पर किया जा रहा है। किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग के उप संचालक केएस खपेड़िया ने बताया कि ड्रोन विधि से छिड़काव करने पर किसानों को कम समय में अधिक क्षेत्र में छिड़काव किया जा सकता है। जिससे किसानों की लागत में कमी आएगी एवं खाद का समान मात्रा में पूरे खेत की फसल पर छिड़काव किया जा सकता है। ड्रोन द्वारा छिड़काव करने पर मजदूरों की समस्या नहीं रहेगी। साथ ही छिड़काव करते समय मजदूरों को होने वाले नुकसान से भी बचा जा सकेगा। लटेरी जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत आनंदपुर और ग्यारसपुर जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत बर्रीघाट में प्रदर्शन कर किसानों को ड्रोन के माध्यम से छिड़काव करने प्रेरित किया गया। साथ ड्रोन की उपलब्धता के संबंध में भी जानकारियां दी गईं।

## अस्पताल की नवजात गहन चिकित्सा ईकाई में कार्यक्रम आयोजित

# शिशु मृत्यु दर कम करने डॉक्टरों ने नवजात बच्चों की देखभाल का सही तरीका बतलाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

नवजात शिशु मृत्यु दर को कम करने और संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने का प्रयास किया जा रहा है। इसी को लेकर नवजात सुरक्षा सप्ताह मनाया जा रहा है। इसमें प्रसव के बाद नवजात की देखभाल के बारे में जागरूक किया जा रहा है।

जिला चिकित्सालय के नवजात गहन चिकित्सा ईकाई में नवजात बच्चों की सुरक्षा के लिए नवजात सुरक्षा सप्ताह शुरू किया गया। इस दौरान नवजात बच्चों की मां और परिवार के सदस्यों को नवजात की देखरेख के बारे में जानकारी दी गई। नवजात के जन्म के बाद पहले 28 दिन उसके जीवन व विकास के लिहाज से काफी महत्वपूर्ण होता है। बचपन के किसी अन्य अवधि की तुलना में नवजात के मृत्यु की संभावना इस दौरान अधिक होती है। इसलिए कहा जाता है कि नवजात के जीवन का पहला महीना उसके स्वास्थ्य व विकास के लिहाज से काफी महत्वपूर्ण होता है। शिशु मृत्यु दर के मामलों में कमी लाने व 6 माह तक शिशुओं के बेहतर देखभाल के प्रति आम लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से हर साल नवजात सुरक्षा सप्ताह के रूप में मनाया जाता है। इस दौरान जिला अस्पताल में शिशु रोग विशेषज्ञों के साथ-साथ आईएमए के डॉक्टर भी मौजूद रहे।



विदिशा। महिलाओं को नवजात बच्चों के संबंध में दी महत्वपूर्ण जानकारी।

# बैठक में दिए निर्देश: न्यायालयीन प्रकरणों में समय सीमा में जबाव दाखिल करें: कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

कलेक्टर उमाशंकर भार्गव ने विभागों के जिलाधिकारियों को निर्देशित दिए हैं कि उच्च न्यायालय में लंबित विभागीय प्रकरणों के मामलों में दर्ज किए जाने वाले जवाब समय सीमा में दाखिल करें। इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतें। उन्होंने कहा कि अनेक प्रकरणों में कलेक्टर को पार्टी बनाया जाता है ऐसी परिस्थितियां बनने से पूर्व अनिवार्य रूप से जवाब दाखिल हो जाए।

कलेक्टर भार्गव ने बताया कि जिले में विभिन्न विभागों के 296 प्रकरण उच्च न्यायालय में प्रचलित हैं। जिन विभागों के द्वारा लंबित प्रकरणों में जवाब दाखिल किया गया है उसकी कॉपी जिला कार्यालय को अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराई जाए। इस कार्य में कोताही ना बरतें अन्यथा कार्यवाही के लिए स्वयं जिम्मेदार होंगे। कलेक्ट्रेट के बेतवा सभागार में आयोजित लंबित आवेदनों की समीक्षा बैठक में सीएम हेल्पलाइन के तहत दर्ज आवेदनों के निराकरण पर विशेष जोर देने के निर्देश दिए हैं। इस दौरान बताया गया कि जिले में कुल 11940 आवेदन 50 दिवस से अधिक के हैं। जिसमें से आधे से ज्यादा आवेदन महिला एवं बाल विकास विभाग से संबंधित हैं। कलेक्टर भार्गव ने कहा कि जिले में पूर्ण हुईं गौशालाओं की जानकारियों को गौ-संवर्धन बोर्ड को उपलब्ध कराई जाए ताकि गौ-शालाओं के संचालन के लिए आवश्यक राशि बोर्ड के माध्यम से गौशालाओं को प्राप्त हो सकें। पूर्ण हुई गौ-शालाओं को हैंडओवर करने की कार्यवाही शीघ्र की जाए।

# कथाकार महेश कटारे, साहित्यकार संतोष चौबे सहित दस हस्तियों का हुआ सम्मान, दस पुस्तकों का हुआ लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

कपूर पैराडाइज गार्डन में 16 एवं 17 दिसंबर को साकीबा का 9वां सदस्य सम्मेलन एवं पुस्तक लोकार्पण कार्यक्रम हुआ। पहले दिन उदयगिरि भ्रमण के दौरान 11 सदस्यों का रचना पाठ हुआ। शाम को कपूर पैराडाइज गार्डन में लखनऊ से आए सत्येन्द्र कुमार रघुवंशी की अध्यक्षता में विदिशा के वरिष्ठ कवि निसार मालवीय, शीलचंद पालीवाल, दिनेश श्रीवास्तव, राजेंद्र श्रीवास्तव का कविता पाठ हुआ। इसके बाद चित्रा सिंह, उदय ढोली, प्रमोद चौहान, महेंद्र वर्मा, अभिलाषा श्रीवास्तव, मिथिलेश राय, गोपी नवीन शुक्ला, जया श्रीवास्तव, मधु सक्सेना, अनिल श्रीवास्तव, आनंद सौरभ उपाध्याय,पदमा शर्मा आदि ने कविता पाठ किया। संचालन सुदिन श्रीवास्तव एवं भवेश दिलशाद ने किया। 17 दिसंबर को परिचर्चा के सत्र की अध्यक्षता महेश कटारे ने की। सहभागी देवीलाल पाटीदार, रवीन्द्र स्वप्निल प्रजापति, सत्येन्द्र कुमार रघुवंशी ने सभी विधाओं के महत्व की बात कही। संचालन प्रोफेसर अस्मुरारी नंदन मिश्र ने किया। दूसरे सत्र की अध्यक्षता श्रीकांत पांडेय ने की जिसमें जीवन एस रजक की लिखी हुई फिल्म त्वमेव सर्वं का प्रदर्शन किया गया। बृज श्रीवास्तव के अनुसार सत्र के अध्यक्ष सिरेमिक कलाकार देवीलाल पाटीदार और मुख्य अतिथि संतोष चौबे रहे। अपने उद्बोधन में संतोष चौबे ने कहा कि साहित्य को विभिन्न कलाओं के और विधाओं के साथ विस्तार की आवश्यकता है।



## बासौदा मंडी भाव

शरबती
न्यूनतम भाव-2840
उच्चतम भाव-3900
गेहूं 1544
न्यूनतम भाव-2310
उच्चतम भाव-2785
गेहूं मालवा
न्यूनतम भाव-2340
उच्चतम भाव-2450
चना
न्यूनतम भाव-4920
उच्चतम भाव-5500
मसूर
न्यूनतम भाव-2600
उच्चतम भाव-6000
सोयाबीन
न्यूनतम भाव-2590
उच्चतम भाव-4776
तेवड़ा
न्यूनतम भाव-4300
उच्चतम भाव-4750
सरसों
न्यूनतम भाव-4800
उच्चतम भाव-5200
उड़द
न्यूनतम भाव-3800
उच्चतम भाव-7740
धान
न्यूनतम भाव-1200
उच्चतम भाव-4351
मूंग
न्यूनतम भाव-4783
उच्चतम भाव-6700
ज्वार
न्यूनतम भाव-1300
उच्चतम भाव-7000
बटरी
न्यूनतम भाव-2305
उच्चतम भाव-2800
धना
न्यूनतम भाव-5500
उच्चतम भाव-5500
तुअर
न्यूनतम भाव-5300
उच्चतम भाव-5300

### कृषि मंडी में हुई आवक

**गंज बासौदा।** कृषि उपज मंडी में सोमवार को आसपास के ग्रामीण अंचलों से बड़ी संख्या में किसान ट्रैक्टर-ट्रॉलियों से कृषि जिंसों को नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि उपज मंडी में 27725 बोरे कृषि उपज की आवक दर्ज हुई।

## खबर संक्षेप

### शरद शर्मा का स्वागत किया



**गंजबासौदा।** सोमवार को ग्राम रोजरू में प्रसिद्ध कथावाचक अंकुर शर्मा एवं प्रसिद्ध गायक शरद शर्मा का ग्रामीणों द्वारा स्वागत किया गया। जिसमें सरपंच प्रतिनिधि, मिर्जा रफीक बेग ,अमित चौकसे, नितेश परिहार, नीलेश परिहार, वीर सिंह राजपूत, विशन सिंह परिहार, पुष्पेंद्र साहू ,शिशुपाल परिहार आदि ने फूल मालाओं से स्वागत किया।

### सर्दी में हुआ इजाफा

**गंजबासौदा।** विगत दो दिनों से इलाके भर में अल सुबह और देर रात्रि के समय सर्दी बढ गई है। सर्द हवाओं से तापमान में लगातार आ रही गिरावट रबी फसलों के लिए फायदेमंद है।

## टीएल बैठक के माध्यम से कलेक्टर ने दी विभिन्न जानकारियां

# विकसित भारत संकल्प यात्रा पहुंच रही ग्राम-ग्राम, हो रहे कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा









प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विकसित भारत संकल्प यात्रा अंतर्गत विभिन्न ग्राम पंचायतों में निर्धारित रूट चार्ट अनुसार कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम के तहत उपलब्ध कराए गए आईईसी वेन जनपद पंचायत वार प्रतिदिन दो-दो ग्राम पंचायतों में आयोजित कार्यक्रमो में शामिल होंगे और शासन की विभिन्न योजनाओं का प्रचार प्रसार करेंगे।

ग्राम पंचायतों में कार्यक्रम के आयोजन के साथ-साथ आईईसी वैन प्रचार रथ भ्रमण करेंगे उनमें जनपद पंचायत बासौदा की ग्राम पंचायत अरनोट, किरवाया पहुंचेगी सोमवार को ग्राम पंचायत मसूदपुर में पहुंची। जिसमें सभी विभागों के कर्मचारियों ने भाग लिया एवं केंद्र व राज्य सरकार की सभी योजनाओं को जनता के बीच में रखा एवं जिन भी ग्रामवासियों को उसका लाभ नहीं मिल रहा था। उनका पंजीयन कराया। कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी उदयपुर मंडल अध्यक्ष देवराज सिंह राजपूत, ग्राम पंचायत मसूदपुर के सरपंच महेंद्र सिंह राजपूत एवं जनपद सीईओ भगवान सिंह, तहसील, राजस्व, कृषि एवं सभी विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। इसके बाद यात्रा ग्राम अरनोट पहुंची जहां एसडीम विजय राय सहित तहसीलदार एवं ग्राम सरपंच और प्रतिनिधि उपस्थित रहे। इस अवसर पर ग्रामीणों को शासन की योजनाओं की जानकारियां भी दी गईं। वहीं सोमवार को कलेक्टर डॉ. उमाशंकर भार्गव द्वारा खंडस्तरीय अधिकारियों की टीएल के माध्यम से बैठक आयोजित की गई। जिसमें समय सीमा में आवश्यक कार्य एवं लोकसभा निर्वाचन से संबंधित प्रधानमंत्री की भारत संकल्प यात्रा के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए एवं सभी कार्य समय पर पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया गया। इस अवसर पर एसडीएम विजय राय सहित अधिकारी मौजूद थे।

## लोक स्थल पर अवैध रूप से तलवार रखने वाले आरोपी को एक वर्ष का कारावास

**सागर।** लोक स्थल पर अवैध रूप से तलवार रखने वाले आरोपी प्रदीप पटैल को न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी जिला-सागर उर्मिला खेड़कर की अदालत ने दोषी करार देते हुये आर्म्स एक्ट के तहत 1 वर्ष सश्रम कारावास एवं एक हजार रूपये अर्थदंड की सजा से दंडित किया। मामले की पैरवी प्रभारी उप-संचालक (अभियोजन) धर्मेन्द्र सिंह तारन के मार्गदर्शन में सहायक जिला अभियोजन अधिकारी सचिन गुप्ता ने की ।घटना का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि थाना मोतीनगर को 25 अक्टूवर 2018 को जरिये मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति प्लेट फार्म नं. 02 के पास आम रोड पर अवैध रूप से तलवार लिए खड़ा है। सूचना की तसदीक के लिए हमराह स्टाफ के साथ मुखबिर के बताये स्थान पर पहुॅचने पर एक व्यक्ति पुलिस को देखकर भागने लगा जिसे हमराह स्टाफ की मदद से पकड़ा गया उक्त व्यक्ति की तलाशी लेने पर वह कमर में बायें तरफ एक लोहे की तलवारनुमा छुरी रखने के संबंध में लाइसेंस पूछे जाने पर न होना बताया, जिस पर से उक्त आरोपी को हिरासत में लिया गया।

## मुस्लिम राष्ट्रीय मंच चलाएगा साप्ताहिक अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

मुस्लिम राष्ट्रीय मंच गौ, पर्यावरण एवं सेवा कार्य प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय सह संयोजक सैयद शफाकत हुसैन कादरी ने बताया मंच ने अपने 21 वें स्थापना दिवस से एक सप्ताह पहले 17 से 24 दिसंबर तक विश्व कल्याण एवं सद्भावना के लिए पूरे देश में आयात करीमा का वजीफा करने का निर्णय लिया है। पहले भी मुस्लिम राष्ट्रीय मंच 5 करोड़ आयते करीमा का वजीफा कर चुका है, अब फिर पूरे विश्व में अमन के लिए मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के कार्यकर्ता खुशीशी तौर पर दुनिया की भलाई के लिए दुआओं का कार्यक्रम रखेंगें। सभी कार्यकर्ता अपने-अपने स्थान पर इस काम को बखूबी निभाएंगे और बाकियों से भी करवाएंगे। ऐसी सभी कार्यकर्ताओं से गुजारिश है कि मस्जिदों, मदरसों, मजारों में घर के सभी सदस्य मिलकर साथ बैठकर यह दुआ कर सकते हैं। इस काम से पूरी दुनिया को अमन मिलेगा। साथ ही करने वालों को सबब भी मिलेगा और भारत एवं दुनिया की तरक्की होगी।

## सफलता के लिए सभी को संगठित होना जरूरी है: शशि अनिल यादव



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

सोमवार को वैश्य महासम्मेलन मध्य प्रदेश जिला इकाई की बैठक का आयोजन सिटी सेंटर कॉलोनी में किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में नपाध्यक्ष शशि अनिल यादव, विशेष अतिथि क्रांति जैन, रेखा साहू, कविता अग्रवाल, रजनी खंडेलवाल, अनीता गुप्ता, साधना सुहाने उपस्थित रहीं। बैठक में भारतीय संस्कृति के अनुसार दीप जलाकर सभी महिला अतिथियों को तिलक लगाकर श्रीफल और सुहाग सामग्री दी गई एवं पुरुष अतिथियों को तिलक लगाकर श्रीफल भेंट कर स्वागत सम्मान किया गया। बैठक में वैश्य समाज की महिला वक्ताओं ने संगठन के माध्यम से नगर की समस्याओं को सभी के समक्ष रखा। जिसमें नपाध्यक्ष शशि अनिल यादव ने उन पर गंभीरता से विचार कर, पूरा करने का आश्वासन दिया। यादव ने कहा कि सभी वैश्य समाज की सफलता के लिए सभी को संगठित होना जरूरी है। बैठक में अनेक सदस्यों ने अपने विचार व्यक्त किये। बैठक के अंत में वैश्य महासम्मेलन मध्य प्रदेश द्वारा प्रकाशित वार्षिक कैलेंडर का सभी अतिथियों द्वारा विमोचन किया गया। कार्यक्रम का संचालन सतीश जैन मंत्री ने किया। बैठक में जिला प्रभारी मंजू ओसवाल, जिलाध्यक्ष मनोज गुप्ता, जिला महिलाध्यक्ष अनीता महेश्वरी, तहसील अध्यक्ष संगम गोयल, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य अशोक अग्रवाल मंकू, संरक्षक सतीश जैन मंत्री, तहसील प्रभारी मनोज डागा, जिला मीडिया प्रभारी नितेश गोयल, तहसील अध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ शरद जैन, अध्यक्ष समाज घनश्याम सुहाने, पत्रकार ओमप्रकाश चौरसिया, सतीश माहेश्वरी, शकुन अग्रवाल, रजनी अग्रवाल, आशा अग्रवाल, प्रीति गोयल, संगीता गर्ग, गीता गर्ग, रेनू सुहाने, सरिता रघुवंशी, सरिता जैन, गंगा देवी रघुवंशी सहित अनेक सदस्य मौजूद थे।

## कॉलेज चलो अभियान के लिए किया प्रेरित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार एवं शासकीय संजय गांधी स्मृति स्नात्कोत्तर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. मणि मोहन मेहता के मार्गदर्शन में कॉलेज चलो अभियान के अंतर्गत 12वीं पास विद्यार्थियों के महाविद्यालय में प्रवेश के लिए सेंट एसआरएस स्कूल के प्राचार्य एवं छात्रों से संपर्क किया गया। स्नातक एवं स्नातकोत्तर स्तर पर सत्र प्रक्रिया हेतु कॉलेज में प्रवेश लेने वाले छात्र, छात्राओं को प्रवेश प्रक्रिया संबधित तथा महाविद्यालय में संचालित विभिन्न प्रकार की योजनाओं, नवीन राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 नई, शिक्षा नई उडान एवं कला वर्ग, बीएससी बायो और गणित,कम्प्यूटर साइंस की जानकारी अभिषेक सिंह, मनीष दुबे द्वारा प्रदान की गई तथा छात्र, छात्राओं को बताया गया कि अपने साथियों एवं परिचितों को प्रवेश प्रक्रिया के बारे में अवगत करायें, ताकि वे शासकीय महाविद्यालयों में प्रवेश लें और योजनाओं का लाभ प्राप्त करें।

## तुलसी-शालिगराम विवाह धूमधाम से मनाया गया





हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

श्रीराम विवाह पंचमी पर ग्राम फरीदपुर डायला में धूमधाम से तुलसी शालिगराम विवाह उत्सव मनाया गया। ज्ञात हो कि ग्राम फरीदपुर में अंधविश्वास के चलते विगत 10 वर्षों से कोई बारात नहीं लग रही थी, जिससे ग्रामवासियों को काफी समस्या का सामना करना पड़ रहा था। आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को अत्यधिक परेशानी हो रही थी। तब ग्राम के लोगों ने पंडित केशव प्रसाद शास्त्री एवं पंडित खलकानंद महाराज से समस्या हेतु निराकरण जाना तो उन्होंने तुलसी शालिगराम विवाह के आयोजन की बात रखी। ग्राम के रघुनाथ दुबे ने युवाओं के साथ इस आयोजन की पहल की और आयोजन की तैयारी शुरू की गई। इसके बाद जंगलिया आश्रम के महंत हनुमान दास, मूड़री धाम के महंत परशुराम दास, घटेरा धाम के महंत, मुरादपुर धाम के महंत सिरनोटा धाम के महंत एवं अनेक संतों के नेतृत्व में लगभग दस हजार बारातियों के साथ ग्राम आटासेमर, नानूखेड़ी गड़ावला सीगाखेड़ी एवं आसपास के क्षेत्रवासी बारात लेकर फरीदपुर डायला पहुंचे। जहां तुलसी शालिगराम विवाह के साथ में विभिन्न समाजों की पांच कन्याओं का सामूहिक विवाह सम्पन्न किया। इस दौरान विधायक हरिसिंह रघुवंशी, उद्योगपति राकेश मरखेडकर, रामकिशोर शर्मा, यशवंत दुबे, सरपंच प्रतिनिधि क्लेश रघुवंशी, देवेन्द्र रघुवंशी, हाकम रघुवंशी, भगवान सिंह रघुवंशी, दीपक रघुवंशी, शिवम तिवारी, भास्कर दुबे सहित अनेक नागरिकों ने वर, वधु को आशीर्वाद दिया।

## रघुवंशी ने प्रतियोगिता में सिल्वर और कांस्य पदक जीते



**गंजबासौदा।** सोमवार को भोपाल में आयोजित मध्य प्रदेश स्तर पर आयोजित सीनियर सिटीजन्स की प्रतियोगिता में नगर के भारत सिंह रघुवंशी ने हेमर, डिस्कस थ्रो में सिल्वर एवं कांस्य पदक प्राप्त किए एवं 200 मीटर दौड़ में सिल्वर मेडल प्राप्त किया। प्रतियोगिता में मध्य प्रदेश के सीनियर सिटीजन ने भाग लिया था। यह प्रतियोगिता सोमवार 17 दिसंबर को भोपाल में आयोजित की गई थी। ज्ञात हो कि भारत सिंह रघुवंशी जीआरपी यानि रेलवे पुलिस से रिटायर हो चुके हैं और सीनियर सिटीजन प्रतियोगिताओं में भाग लेते रहते हैं।

## उद्यमिता सह कौशल विकास कार्यक्रम का हुआ समापन



**गंजबासौदा।** भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान अहमदाबाद द्वारा सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग भारत सरकार द्वारा प्रवर्तित 6 सप्ताह की अवधि के उद्यमिता सह कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ 30 अक्टूबर को नगर में किया गया था। जिसका समापन 15 दिसम्बर को समापन हो गया। समारोह में अतिथि के रूप में एलबीएस कॉलेज के वाइस प्रिंसिपल पीयूष दुबे, रिटायर्ड परियोजना अधिकारी वंदना तिवारी, सहायक अध्यापिका पूनम तिवारी, सहायक प्राध्यापिका सारिका देव, सावित्री महिला मंडल की अध्यक्ष लक्ष्मी शर्मा, रिटायर्ड शिक्षिका सोनाली शिवदे उपस्थित थीं। वंदना तिवारी ने कहा हमें किसी काम को छोटा नहीं समझना चाहिए हर काम को लगन के साथ करना चाहिए, प्रशिक्षण के माध्यम से ही खुद का रोजगार स्थापित किया जा सकता है। हमारे अंदर लगन होना चाहिए। कार्यक्रम की संचालक लक्ष्मी शर्मा ने कहा समय का विशेष ध्यान रखें और समय पर अपना काम करते रहे। फीडबैक के दौरान विद्यार्थियों ने ट्रेनिंग ऑफिसर की भरपूर तारीफ की, स्वरोजगार स्थापना की इच्छा रखने वाले 35 आवेदकों को ब्यूटी पार्लर का कौशल प्रशिक्षण प्रदान किया गया। जिससे वह आत्मनिर्भर होकर अपना समाज में विशेष स्थान बना पाएंगे। ईडीआईआई द्वारा इस कार्यक्रम का आयोजन सहयोगी संस्था सेवाली ग्रुप भोपाल के सक्रिय सहयोग से किया जा रहा है। संचालन वर्षा जैन ने एवं आभार सोनी रघुवंशी ने व्यक्त किया।

## मीट बाजार का किया भ्रमण लाउडस्पीकर के लिए दी समझाइश



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

शासन की नवीन गाइडलाइन के पालन के तहत स्थानीय प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों ने मांस विक्रेताओं की दुकानों का भ्रमण किया और मांस विक्रय के लिए आरक्षित स्थान का चयन किया।

उल्लेखनीय है कि प्रदेश सरकार ने खुले में मांस विक्रय पर प्रतिबंध लगा दिया है। इसी निर्देश के पालन में पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला के निर्देश और शासन की गाइड लाइन के पालन में सोमवार को एसडीएम विजय राय ने सीएमओ पवन शर्मा एवं अन्य अधिकारी कर्मचारियों के साथ बाजार भ्रमण किया। इस दौरान मीट मटन मार्केट एवं दुकानों पर भ्रमण किया करते हुए सभी विक्रेताओं को खुले में मांस न बेचने एवं बिना लाइसेंस मांस न बेचने की समझाइए दी गई। इसके साथ ही मटन मार्केट के लिए आरक्षित जगह का चयन किया गया। इसी के साथ धार्मिक स्थलों का भ्रमण कर लाउडस्पीकर के संबंध में समझाइश दी गई एवं नियमों का पालन न करने पर करवाई करने की चेतावनी भी दी गई।



## देर शाम मतगणना के बाद हुए चुनाव परिणाम घोषित

# संजीव प्रताप सिंह चौहान बने अभिभाषक संघ के नए अध्यक्ष



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

सोमवार को रजौदा स्थित नवीन न्यायालय परिसर में अभिभाषक संघ के चुनाव एवं मतगणना देर शाम संपन्न हुए। इस चुनाव में अध्यक्ष पद के लिए तीन उम्मीदवार मैदान में थे। जिसमें से एडवोकेट राजेन्द्र ठाकुर और एडवोकेट संजीव प्रताप चौहान में आखिर राउंड तक जोरदार कांटे की टक्कर रही। छठवें एवं अंतिम राउंड में ही अध्यक्ष पद के लिए उम्मीदवार स्पष्ट हो चुका। प्रत्येक राउंड में दोनों ही उम्मीदवारों के बीच एक-दो मतों के बीच का अंतर चलता रहा। देर शाम तक मतगणना के बाद संजीव प्रताप चौहान तीन वोटों से विजयी घोषित किए गए। अभिभाषक संघ के चुनाव में कुल 310 अभिभाषक मतदाताओं में से 292 मतदाताओं ने अपने मत का प्रयोग किया। वहीं उपाध्यक्ष पद पर भी कुल तीन उम्मीदवारों में से दो उम्मीदवारों के बीच ही जोरदार टक्कर रही। जिसमें रजनीश जैन विजयी रहे। अभिभाषक संघ उपाध्यक्ष पद के लिए एडवोकेट रजनीश जैन और एडवोकेट मट्टू तिवारी के बीच छठवें राउंड में ही मुकाबला स्पष्ट हो पाया। जिसमें रजनीश जैन को कुल 107 वोट मिले और एक वोट से उन्होने उपाध्यक्ष पद का चुनाव जीता। जबकि महेन्द्र तिवारी को 106 मत प्राप्त हुए। अभिभाषक संघ के सचिव पद के लिए इस बार मैदान में कुल दो ही उम्मीदवार रहे।

अभिभाषक अभिषेक रघुवंशी और भूपेन्द्र राजपूत के बीच चुनाव हुआ। जिसमें अभिभाषक संघ के सदस्यों ने अपने-अपने मत का प्रयोग करते हुए अभिषेक रघुवंशी को तेरह वोटों से विजयी बनाया। छठवें एवं अंतिम राउंड में अभिषेक रघुवंशी को मिले मतों के बाद उन्हें कुल 151 वोट मिले, जबकि उनके प्रतिद्वंदी प्रत्याशी एडवोकेट भूपेन्द्र राजपूत को कुल 138 वोट मिले और उन्हें 13 मतों से करारी शिकस्त मिली। जबकि एक वोट निरस्त रहा। वहीं कोषाध्यक्ष पद के लिए घनश्याम रघुवंशी जो पहले चरण से ही अच्छी बढ़त बनाए हुए थे और अंतिम चरण तक अपने मतों की बढ़त को बरकरार रखा और उन्होंने निकटतम प्रतिद्वंदी रामकृष्ण रघुवंशी को 163 वोटों से मात दी है। इस बार अभिभाषक संघ के विभिन्न पदों पर ज्यादा उम्मीदवार न होने से चुनाव बड़ा ही रौचकपूर्ण तरीके से हुआ है। मैदान में जो प्रत्याशी उतरे थे, उन्होंने इस चुनाव को जीतने के लिए अपना ऐड़ी चोटी का जोर लगाया था। अभिभाषक संघ की कार्यकारिणी के सदस्यों का चयन भी मतदान के माध्यम से हुआ। जिसमें एडवोकेट आकाश माहेश्वरी को 233 मत प्राप्त हुए। वहीं एडवोकेट दिलीप रघुवंशी को 185, एडवोकेट मानक लाल प्रजापति को 195, एडवोकेट प्रदीप लाहौरी को 190 और एडवोकेट सुनील भावसार को 165 वोट मिले।

अभिभाषक संघ की कार्यकारिणी में कुल ऊपर के चार सदस्यों को ही लिया जाएगा। उल्लेखनीय है कि धर्मेन्द्र सोलंकी सह सचिव और नरेन्द्र बघेल पुस्तकालय सचिव निर्विरोध चुने गए। अभिभाषक संघ के चुनाव के बाद नवीन कार्यकारिणी सहित अध्यक्ष, उपाध्यक्ष का हार फूल मालाओं के साथ स्वागत किया गया। इस चुनाव में निर्वाचन अधिकारी एडवोकेट वीरेन्द्र सिंह राजपूत रहे। जबकि सहायक निर्वाचन अधिकारी नरेन्द्र नरेश रघुवंशी रहे।

## कोरी समाज की बैठक का हुआ आयोजन



**गंजबासौदा।** सोमवार को श्री धनुषधारी मन्दिर मोरछली वाला पुरानी नगर पालिका पीपल चौक पर अखिल भारतीय कोली, कोरी समाज की बैठक सम्पन्न हुई। जिसमें समाज के वरिष्ठ मूलचन्द कबीरपंथी, हरलाल पंथी ने अध्यक्षता की। बैठक में जिला अध्यक्ष खुमनदास पंथी ने हरिनारायण पंथी, सुरेश पंथी कुरवाई एवं डॉ सिकंदर पंथी की अनुशंसा पर मुकेश पंथी को समाज का ब्लॉक अध्यक्ष, विवेक पंथी को ब्लॉक उपाध्यक्ष, जितेन्द्र साध्य को नगर अध्यक्ष, जितेन्द्र वर्मा चंचल रेडियो को नगर सचिव का दायित्व सौंपा। इसी क्रम में डॉ सुनील पंथी को सिरोंज ब्लॉक अध्यक्ष गंजबासौदा, डॉ राहुल आर्य को विदिशा ब्लॉक अध्यक्ष, नन्दकिशोर पंथी को लटेरी ब्लॉक अध्यक्ष एवं माधोप्रसाद पंथी को महामंत्री पद पर नियुक्त किया गया और सभी को नियुक्ति पत्र प्रदान किये गए। बैठक में समाज का युवक-युवती परिचय सम्मेलन विदिशा में करने की भी चर्चा हुई एवं उसकी रूपरेखा तैयार की गई। सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को नेतराम पंथी, राजू पंथी, पंकज पंथी, राजेश पंथी एवं समाज जनों ने बधाई दी। अंत मे आभार समाज अध्यक्ष श्रीराम पंथी ने व्यक्त किया।

18 वर्षों से हिंदी-संस्कृत रंगमंच के क्षेत्र में लगभग 200 नाटकों में अर्जित किया अभिनय का गौरव

# सिरोंज की माटी की सुगंध को पूरे देश में महका रहे वरिष्ठ रंगकर्मी दीपक सोनी



हरिभूमि न्यूज ▶▶सिरोंज

बचपन से ही कला और संस्कृति के क्षेत्र में रूचि रखने वाले सिरोंज के बेटे एक्टर व कला निर्देशक दीपक सोनी पिछले कई वर्षो से कला के क्षेत्र में सक्रिय है। इन्होंने राष्ट्रीय संस्कृत संस्थान भोपाल से शास्त्री और प्रयाग संगीत समिति प्रयागराज, उत्तर प्रदेश से तबला वादन में स्नातक किया। लगभग 18 वर्ष से हिन्दी संस्कृत रंगमंच के क्षेत्र में अपना अभिनय कर चुके है। साथ ही मंच निर्माण, मंच उपकरण, रूप सज्जा, वस्त्र विन्यास, संगीत, निर्देशन सह निर्देशन, कलात्मक शिल्प शिक्षण के कार्य का अनुभव रखते है। दीपक सोनी अभी तक 200 से भी अधिक नाटकों में अभिनय के साथ आर्ट डारेक्षन कर चुके है। वही देश के कई वरिष्ठ निर्देषकों कला निर्देषको के साथ काम करना का अनुभव है और यह भारतेन्दु नाट्य अकादमी, लखनऊ और मध्यप्रदेष नाट्य विद्यालय भोपाल में अतिथि कला षिक्षक व निर्देशक आर्ट एंव ग्राफ टीचर इन एक्टिंग स्कूल के रूप में कार्यरत है और शासकीय और अषासकीय सांस्कृतिक महोत्सवों में देश के विभिन्न अंचलों में अपनी कला का निर्देशक कर चुके है।

## क्या होती है रंगमंच कला

सोनी ने वर्कशॉप के पहले दिन रंगमंच से जुड़ी मूलभूत बाते कईं विद्यार्थियों को बता चुके है। उन्होंने सिर पर बांधे जाने वाली पगड़ियों से परिचित कराया। उन्होंने कई तरह की पगड़ियों का विवरण प्रस्तुत किया। उनसे जुड़ी विविध दिलचस्प जानकारियां दीं। साथ ही छात्रों के सामने किसान, राजा, मुगल, रेगिस्तानी यात्रियों आदि द्वारा पहनी जाने वाली पगड़ियों को बांधकर दिखाया। विभिन्न प्रकार की पगड़ियां सिर पर कैसे बांधी जाती हैं और मंच के लिये सैंट डिज़ाइन कैसे किया जाता है। आर्टिस्ट कंबाइन इंस्टीट्यूट ऑफ परफॉरमिंग आर्ट्स, ग्वालियर द्वारा



जारी कार्यशाला में यह प्रशिक्षण रंगमंच कला विशेषज्ञ दीपक सोनी ने दिया। उन्होंने इस संबंध में विद्यार्थियों की जिज्ञासा का समाधान भी किया। मंचन के लिये सैंट का निमार्ण कैसे किया जाता है और कार्यशाला में नाटक के अनुसार सैट डिज़ाइन करने की मूलभूत बातों से भी परिचित कराया। उन्होंने इसका व्यवहारिक ज्ञान भी दिया। श्री सोनी ने विद्यार्थियों को मोहन राकेश के ख्यात नाटक- आधे-अधूरे के सैंट निर्माण को बनाकर दिखाया। विद्यार्थियों को समझाया कि नाटक के लिये इसका सैट और मंच व्यवस्था किस तरह से काम करेगी। नाटक की प्रस्तुति पर इसका कैसा और कितना प्रभाव पड़ेगा। वही उन्होंने स्थाई तौर पर पगड़ी बांधे जाने का प्रशिक्षण भी दिया। इसके साथ ही सभी प्रकार की पगड़ियों के बीच का अंतर भी समझाया। उन्होंने यह भी बताया कि आखिर किस प्रकार की पगड़ी में किस तरह के कपड़े का उपयोग किया जाता है। उन्होंने कुछ पगड़ी बांधकर भी बताया। बाद में मास्क से सम्बंधित जानकारी दी भी दी। चित्रकला के ज़रिये मास्क डिज़ाइन के बारे में बताया।

## 200 से अधिक नाटकों में कर चुके कार्य

*दीपक सोनी विगत वर्षो में लगभग 200 से भी अधिक नाटकों में अभिनय तथा कलात्मक शिल्प शिक्षण कार्य का अनुभव रखते है। साथ ही 300 से अधिक तरीके की पगडी बाधंने की कला सोनी के अंदर है। बीते वर्षों में लगभग 200 नाटकों में अभिनय और कलात्मक शिल्प सिखाने का अनुभव, जिनमें से कुछ मुख्य कार्यशालाएँ हैं राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय, नई दिल्ली,बाल संगम, नई दिल्ली, संगीत नाटक अकादमी नई दिल्ली, मध्य प्रदेश नाट्य विद्यालय भोपाल भारतेंदु नाट्य अकादमी, कला और शिल्प शिक्षण सत्र, राजा मानसिंह तोमर संगीत और कला विश्वविद्यालय, ग्वालियर, मध्य प्रदेश लोकरंग समारोह, भोपाल, भोजपुर महोत्सव, केरल प्रदेश तिरुवनंतपुरम, सोलापुर में 400 बच्चों के साथ महाराष्ट्र कार्यशाला पटना, बिहार किलकारी बाल भवन, उज्जैन सिंहस्थ, ओरछा, मध्य प्रदेश आदिवासी संग्रहालय भोपाल, आम्रपाली महोत्सव मुजफ्फरपुर, बिहा, द्वादश, त्रयोदश संस्कृत रंगमंच महोत्सव नई दिल्ली और अन्य नाट्य शिक्षण संस्थानों में कला और शिल्प शिक्षण कार्यशालाएं में हिस्सा ले चुके है। दीपक सोनी जी कहतें हैं मुझे मेरी पत्नी का भरपूर सहयोग मिलता है, जिससे हम दोनों साथ मिलकर रंगमंच के क्षेत्र में कुछ बेहतर कर सकें।*

सेल्फ डिफेंस में रिया रघुवंशी ने

# 12 हजार से अधिक लोगों को प्रशिक्षण देकर बनाया रिकॉर्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶सिरोंज




इंदौर के नेहरू स्टेडियम में आयोजित सेल्फ डिफेंस प्रशिक्षण में सिरोंज के वरिष्ठ समाजसेवी राजेन्द्र रघुवंशी की पुत्री रिया रघुवंशी ने ट्रैनर के रूप में हिस्सा लिया। साथ ही लगभग 12 हजार से ज्यादा लोगों को सेल्फ डिफेंस प्रशिक्षण दिया और एक अनूठा विश्व रिकॉर्ड बनाया।

उल्लेखनीय है कि रिया रघुवंशी पिछले दो तीन वर्षा से ज्वाला टीम का हिस्सा है। इस अवसर पर रिया रघुवंशी ने कहा कि मुझे बड़े गर्व और संघर्ष का अनुभव हुआ जब मैं ज्वाला टीम का हिस्सा बनकर इतनी महत्त्वपूर्ण इवेंट में शामिल हुई, जहां हजारों लोग सेल्फ डिफेंस सत्र के लिए जुटे थे। हमारी भागीदारी ने सुरक्षा, सशक्तिकरण, और समुदाय की भागीदारी को बढ़ावा देने का गहरा संकेत दिया। ज्वाला टीम की भूमिका इतनी महत्त्वपूर्ण घटना को संचालित करने में एक समर्पितता का प्रतीक है, जो लोगों के जीवन में वास्तविक फर्क डालने के लिए समर्थन है। आपके संयुक्त प्रयासों के माध्यम से, आपने एक बड़े दर्शक समूह को महत्त्वपूर्ण सेल्फ डिफेंस कौशलों का अवगत किया है, 12000 हजारों लोगों के बीच सशक्तिकरण और आत्मविश्वास को बढ़ावा दिया। हमारा योगदान सिर्फ एक कारण के प्रति समर्पण ही नहीं, बल्कि एक सुरक्षित वातावरण बनाने में सक्रिय भागीदारी को भी दर्शाता है। यह समाज के कल्याण के लिए अपने समर्थन की प्रतिज्ञा को दर्शाता है, शिक्षा और समुदाय सहभागिता की शक्ति को बताता है,जो एक सुरक्षित, अधिक आत्मविश्वासी, और सशक्त समाज की नींव रखने में सहायक है। वही उन्होने कहा कि ज्वाला टीम का हिस्सा होना जो इस तरह की ऐतिहासिक इवेंट का मुख्य नियंत्रण करता है, साधारण से अधिक समर्पण की एक प्रतिज्ञा को संकेत करता है वास्तविक दुनियावी प्रभाव और समाज के सुधार में। यह योगदान व्यक्तियों के बीच सुरक्षा, सशक्तिकरण, और आत्मविश्वास को बढ़ाने की दिशा में एक महत्त्वपूर्ण कदम को दर्शाता है।

संत सुधा सागर गौशाला के सदस्यों का सद्कार्य

# 600 पशुओं को खिलाए औषधि युक्त लड्डू




हरिभूमि न्यूज ▶▶सिरोंज

संत सुधा सागर गौशाला के सदस्यों ने रविवार को नगर के शासकीय राजीव गांधी हॉस्पिटल, भोपाल रोड, बस स्टैंड, पालीवाल कॉलोनी, बासोदा नाका, हाजीपुर, लिंक रोड़, रोहिलपुरा चौराहा, छत्री चौराहा, कस्टम पथ,कठाली बाजार, सराफा, घेतल गली, चांदनी चौक, भूतेश्वर पथ, पटवाटोला, पंचकुइया, गर्ल्स स्कूल सहित अन्य जगह मार्ग पर विचरण कर रहे मूक निराश्रित लगभग 600 से अधिक पशुओं को औषधि युक्त लड्डू खिलाए।

## सब्जी मंडी की तरह जल्द ही बनेगा मछली मार्केट : नपा अध्यक्ष देवराज सोनी

**रहली**। शासन के निर्देश के बाद नगर के विभिन्न वार्डों में लगने वाली मांस मछली की दुकान खुले में लगाना प्रतिबंध होने के बाद नगर पालिका प्रशासन द्वारा लगातार निगरानी कर दुकान बंद कराई जा रही हैं। सोमवार को नगर पालिका अध्यक्ष देवराज सोनी नदी मोहल्ला स्थित मछली मार्केट पहुंचे और वहां पर मांस मछली बेचने वाले दुकानदारों से आग्रह किया कि खुले में मांस मछली की दुकान ना लगाये तथा जल्दी ही शासन की गाइडलाइन आते ही दुकान का लाइसेंस बनना शुरू हो जाएंगे। अतः आप सभी लोग अपने लाइसेंस बनवाए एवं मांस एवं मछली बिक्री हेतु शासन द्वारा जगह चिन्हित कर ली गई है जिनका टेंडर भी हो चुका है, जिस तरह नगर में सब्जी मार्केट बनाया गया है इसी तरह सुविधा युक्त मास मछली की दुकानों के लिए एक मार्केट अलग से बनाया जाएगा । स्थानीय मछली विक्रेता द्वारा वर्तमान में बनी मछली मार्केट को 20-25 फुट और नदी के किनारे बनाने की बात कही गई जिस पर नपा अध्यक्ष देवराज सोनी ने कहा कि नदी किनारे मार्केट बनाना उचित नहीं है क्योंकि न हर वर्ष बारिश के दिनों में नदी में बाढ़ आती है और बाढ़ के पानी में मार्केट की दीवारें गिर जाएगी।

# सीएम राईज स्कूल में जिला शिक्षा अधिकारी ने ली बैठक, दिए निर्देश

## 10वीं और 12वीं की परीक्षाओं को लेकर की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶सिरोंज

सोमवार को शासकीय सी.एम राईज स्कूल में जिला शिक्षा अधिकारी जी.पी राठी ने पहुचकर आगामी माह फरवरी 2024 में आयोजित होने वाली 10वी.12वी बोर्ड परीक्षा के संबध में चर्चा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर सी.एम राईज स्कूल के प्राचार्य महेश ताम्रकार,ब्लॉक शिक्षा अधिकारी प्रतिनिधि उत्तम जाटव उपस्थित रहें।



# सरकार की योजनाएं बंद होने का भ्रम न पालें: विधायक नरेंद्र पटेल

## जामगढ़ क्षेत्र की समस्याओं के समाधान का दिलाया भरोसा




हरिभूमि न्यूज ▶▶बरेली

विकसित भारत संकल्प यात्रा का तहसील के ऐतिहासिक प्राचीन ग्राम जामगढ़ से शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर नवनिर्वाचित विधायक नरेंद्र शिवाजी पटेल ने कहा कि सरकारें आती है चली जाती है। लोग भी बदलते रहते है। परंतु योजनाएं बंद होने का भ्रम न पाले, भाजपा की रीति नीति नहीं बदलती है। इस अवसर पर विधायक पटेल ने स्वयं जामगढ़ क्षेत्र की समस्याओं का उल्लेख करते हुए उनके समाधान का भरोसा दिलाया। कहा कि प्रत्येक पात्र व्यक्ति को सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिले इसके लिए उनके पास पहुंचने का सरकार प्रयास कर रही है।

कार्यक्रम में बाड़ी जनपद की अध्यक्ष प्रभा बृजगोपाल पटेल की विशेष उपस्थिति रही। कार्यक्रम में भारी संख्या में बच्चों, महिलाओं, ग्रामीणों के साथ सरपंच चंपा बाई कमलेश साहू, उपसरपंच नरहरी शर्मा, सचिव कृष्णमुरारी शर्मा सहित अन्यों की उपस्थिति रही। विधायक के समक्ष ग्रामीणों का मांग पत्र रखे जाने से पूर्व ही पटेल ने सड़क, सिंचाई सहित अन्य समस्याओं का उल्लेख करते हुए उनके समाधान करवाने का भरोसा दिया।

### समस्याओं का समाधान

विधायक नरेन्द्र शिवाजी पटेल अपने उद्बोधन के दौरान भी लोगों की समस्याओं के समाधान का प्रयास करते है। पटेल ने अपनी सहज सरल प्रकृति के साफ त्वरित कार्यों को निपटाने का भी संदेश दिया। पटेल ने कहा कि जामगढ़ भगदेई को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने की उनकी पूर्व से योजना है। इसी के साथ खरगोन जामगढ़ सड़क निर्माण कराए जाने का भी भरोसा दिया।

# खनिज, राजस्व विभाग की उदासीनता से दिनों-दिन बढ़ रहा अवैध कारोबार

## क्षेत्र में कृषि कार्य वाले ट्रैक्टर-ट्रालियों का जमकर हो रहा व्यावसायिक उपयोग

**क्षमता से अधिक रेत मिट्टी बजरी भर दौड़ रहे वाहन**

हरिभूमि न्यूज ▶▶बरेली

यह क्षेत्र के निवासियों का शौभाग्य है कि पतित पावन मॉ नर्मदा के आंचल में कृषि प्रधान क्षेत्र की जमीन अधिक उपजाऊ और भूमिगत जल से भरपूर है, परंतु जिस प्रकार नर्मदा मैया की रेत की विभिन्न स्थानों पर मनमाने ढंग से उत्खन्न कर उसे प्रतिदिन भारी मात्रा में बैचा जा रहा है। उससे मॉ नर्मदा का आंचल छलनी हो रहा है। क्षेत्र में मिट्टी, बजरी, कोपरा की खदाने नहीं है। अवैध उत्खनन से जुड़े लोगों द्वारा



नदिया नालों की मिट्टी रेत बजरी को खुदाई कर उसे प्रतिदिन बैचा जा रहा है। इससे जहां नदी नालों का स्वरूप बिगड़ रहा है वहीं सरकार को खनिज रायल्टी भी नहीं मिलने से आर्थिक नुकसान हो रहा है। सबसे बड़ी बात तो यह है कि सैकड़ों ट्रेक्टर ट्रालियां जिनका उपयोग सिर्फ कृषि कार्य के लिए होना चाहिए उनका व्यवसायिक उपयोग कर सरकार के परिवहन विभाग को भारी आर्थिक नुकसान हो रहा है।

### ओवर लोड रेत परिवहन

देवरी, उदयपुरा, बरेली, बाड़ी तहसीलों के दर्जनों नर्मदा तटों से प्रतिदिन भारी मात्रा में नर्मदा रेत का मनमर्जी से अवैध उत्खनन और बिना रायल्टी चुकाए परिवहन और विक्रय का जोर बना हुआ है। विभिन्न स्थानों से आए डम्फरों में ओव्हर लोड नर्मदा रेत को भर कर प्रतिदिन परिवहन हो रहा है। क्षेत्र से निकलने वाली नर्मदा रेत की क्वालिटि अच्छी होने के साथ सबसे अधिक भवनों के निर्माण में मांग बनी रहती है। किसानी कार्यों वाली सैकड़ों ट्रेक्टर-ट्रालियों को नर्मदा रेत के साथ मिट्टी, बजरी का सरेआम परिवहन चल रहा है। खनिज एवं राजस्व विभाग द्वारा चल रहे अवैध खनन, परिवहन कारोबार के प्रति क्यों कार्यवाही नहीं की जाती व्यापक चर्चाओं का विषय बना हुआ है।

## शंकर दत्त चतुर्वेदी स्मृति वार्षिक व्याख्यान माला 24 दिसंबर को

**सागर**। नगर के शिक्षा जगत में अपनी विद्वत्ता, कर्तव्य परायणता एवं साहित्य अनुरागी के रूप में ख्यात रहे पंडित मोतीलाल नेहरू उच्चतर माध्यमिक शाला सागर के पूर्व प्राचार्य स्व. पंडित शंकर दत्त चतुर्वेदी की स्मृति में श्यामलम द्वारा श्री सरस्वती वाचनालय सागर में 24 दिसंबर को ग्यारहवां वार्षिक आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर व्याख्यान माला के विषय राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 : भाषा एवं विज्ञान में नवोन्मेष पर प्रमुख वक्ता प्रोफ़ेसर नवीन कानगो, निदेशक, अकादमिक मामले एवं अध्यक्ष, माइक्रो बायोलॉजी विभाग, डॉ हरिसिंह गौर विश्वविद्यालय सागर का व्याख्यान होगा। कार्यक्रम में व्याख्याता मनोज श्रीवास्तव को शंकर दत्त चतुर्वेदी स्मृति आदर्श शिक्षक सम्मान 2023 से सम्मानित किया जाएगा साथ ही लेखक आर के तिवारी के लघुकथा संग्रह कौन है वहां? का विमोचन भी इस अवसर पर संपन्न होगा।

# शासन की मंशा है अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचे : एसडीएम उपाध्याय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ग्यारसपुर

ग्यारसपुर की ग्राम पंचायत उघर कोटरा में विकसित भारत संकल्प यात्रा पहुंची।

जहां पर केंद्र सरकार के द्वारा चलाई जा रही जन कल्याणकारी और जनहितेशी योजनाओं को आमजनों तक पहुंचाया गया। विकसित भारत संकल्प यात्रा का उद्देश्य है की 2047 तक भारत देश समृद्धि साली विकासशील देशों की श्रेणी में खड़ा हो सके। जो हितग्राही शासन की योजनाओं से वंचित हैं उनके आवेदन लिए गए एवं शासन की विभिन्न प्रकार की योजनाओं की संबंधित विभाग के अधिकारी कर्मचारियों द्वारा जानकारी दी गई। कार्यक्रम में एसडीएम मनोज उपाध्याय द्वारा यात्रा के संबंध में जानकारी देते हुए बताया




है कि सरकार और प्रशासन एक साथ मिलकर योजनाओं को हर घर के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचने का प्रयास कर रही है। कोई भी पात्र व्यक्ति शासन की योजना से वंचित न रहे इसी उद्देश्य से विकसित भारत संकल्प यात्रा निकाली जा रही है। पूर्व मंडल अध्यक्ष मुकेश सोनी ने कहा है कि भाजपा सरकार और केंद्र में बैठे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मनसा है कि देश का हर व्यक्ति खुशहाल रहे। आर्थिक रूप से संपन्न रहे उनका लक्ष्य है की देश के हर वर्ग के हर व्यक्ति को शासन की योजनाओं का लाभ मिले। इसके लिए शासन प्रशासन मिलकर एक साथ योजनाओं का लाभ घर-घर तक पहुंचाने का प्रयास कर रहा है। उसी कड़ी में विकसित भारत संकल्प यात्रा निकाली जा रही है । कार्यक्रम में उघर कोटरा सरपंच गायत्री कल्याण सिंह लोधी, ग्यारसपुर सरपंच राजू कुशवाह, मंडल अध्यक्ष राजेश यादव, पूर्व मंडल अध्यक्ष मुकेश सोनी, महामंत्री रमेश कुशवाह, जनपद उपाध्यक्ष प्रीति शंकर दयाल शर्मा, समाजसेवी प्रताप सिंह रघुवंशी, बाबूलाल कुशवाह ,भगवान सिंह कुशवाह, संजीव सोनी, दीपक रघुवंशी, शुभम मिश्रा,तहसीलदार सौरभ मालवीय, पंचायत इंस्पेक्टर महेश कुशवाह, नोडल अधिकारी शानू जैन, दिनेश दांगी, आरआई सुशील चोरे, थाना प्रभारी मांगीलाल भाटी ग्राम के सचिव सुरेंद्र शर्मा, नरसिंह दास बैरागी, रोजगार सहायक अवध नारायण मीणा, शिवानी चौरसिया सहित सभी विभागों के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

# मांस व मछली विक्रेताओं की हुई बैठक, लाइसेंस बनवाने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶बरेली

प्रदेश सरकार द्वारा मांस मछली विक्रय के संबंध में लिए निर्णय के परिपेक्ष में नपं. में मांस मछली विक्रेताओं की बैठक हुई जिसमें सभी को अवगत करया कि पशु मांस एवं मछली विक्रय हेतु खाद्य ओषधी विभाग से लायसेंस प्राप्त कर ही विक्रय करें। इसी के साथ दुकानों पर साफ-सफाई रखें, दुकानों के सामने अपारदर्शी कांच लगवायें।

### होगी कार्रवाई

बैठक में बताया कि यदि दुकानदार अवैध रूप से या नियमों के विरुद्ध बिना अनुमति पत्र, लायसेंस नियमों का उल्लंधन करते हुए मांस मछली का विक्रय करते पाया जाता है तो उनके विरुद्ध नपं. अधिनियम 1961



की धारा 268, 269 के अंतर्गत कार्यवाही की जाएगी। सीएमओ हरीशंकर वर्मा ने सभी मांस मछली विक्रेताओं से लायसेंस लेकर नियमों का पालन करते हुए दुकाने संचालन का आग्रह किया। बैठक में थाने से एसडी भालेकर, पशुचिकित्सा विभाग से बीएम धाकड़ नपं. के बीएस मालवीय, लखन अहिरवार एवं मांस मछली विक्रेताओं की उपस्थिति रही।

## निगमायुक्त ने खुले में मांस-मछली बेचने वालों के खिलाफ कार्रवाई के लिए गठित किए दल

**सागर**। शासन के आदेश अनुसार खुले में मांस और मछली का विक्रय प्रतिबंधित कर दिया गया है जिसके परिणाम स्वरूप सार्वजनिक रूप से मांस मछली का विक्रय एवं प्रदर्शन नहीं किया जा सकता है। सभी विक्रेताओं को दुकानो पर अपारदर्शी कांच लगाना या दुकान को कबर करना जरूरी है बिना लाइसेंस के कोई भी विक्रेता मांस-मछली का विक्रय नहीं कर सकता। शासन आदेश के परिपालन में नगर निगम आयुक्त चन्द्रशेखर शुक्ला द्वारा खुले में मांस, मछली विक्रय करने वालों के खिलाफ कार्यवाही करने हेतु दल गठित किया है जिसके प्रभारी सईदउद्दीन कुरैशी होंगे तथा संजय सोनी सहायक प्रभारी तथा संबंधित जोन के प्रभारी, संबंधित वार्ड के उप स्वास्थ्य पर्यवेक्षक और संबंधित वार्ड के कर संग्राहक इस दल में शामिल रहेंगे ।

**कार्यालय रिटर्निंग अधिकारी लक्ष्य बीज उत्पादक सहकारी संस्था मर्यादित जरगुंवा**

**पंजीयन क्रमांक 941, दिनांक 08.09.2014**

लक्ष्य बीज उत्पादक सहकारी संस्था मर्यादित जरगुंवा के समस्त सदस्यों को सूचित किया जाता है कि संस्था के संचालक मण्डल के निर्वाचन हेतु विशेष साधारण सम्मेलन दिनांक 03.01.2024 दिन बुधवार प्रातः 11 बजे स्थान संस्था कार्यालय पर आयोजित की गई है। दिनांक 26.12.2023 को प्रातः 11 बजे से 03 बजे तक संस्था कार्यालय में नामांकन पत्र लिए जाएंगें, जिसके लिए संस्था प्रबंधन श्री गौरव साहू को अधिकृत किया गया है। दिनांक 27.12.2023 को नामांकन पत्रों की जांच बैठक 11 बजे से की जावेगी। दिनांक 28.12.2023 को प्रातः 11 बजे से 03 बजे तक नामांकन वापस लिए जा सकेंगे। तत्पश्चात सूची का अंतिम प्रकाशन एवं चुनाव चिन्हों का आबंटन रिटर्निंग अधिकारी द्वारा किया जावेगा। आम सभा की सूचना सदस्यों को पृथक से भेजी गई है।

**किशोर कुमार अहरवाल**
**रिटर्निंग अधिकारी लक्ष्य बीज उत्पादक**
**सहकारी संस्था मर्यादित जरगुंवा**

## पात्र हितग्राहियों को वितरित किए गए योजनाओं के हितलाभ

# 10 पंचायतों में विकसित भारत संकल्प यात्रा का लगा शिविर

### किसानों के ड्रोन से उर्वरक छिड़काव तथा मिट्टी स्वास्थ्य परीक्षण का किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭रायसेन

जिले में 17 दिसम्बर से विकसित भारत संकल्प यात्रा शुरू हो गई है। यात्रा के दूसरे दिन सोमवार को जिले के सभी पांच विकासखण्डों में दस ग्राम पंचायतों में विकसित भारत संकल्प यात्रा पहुंची। सांची विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम पंचायत पीपलखिरिया और खरबई में, बाड़ी विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम पंचायत राजवाड़ा और अहमदपुर में, औबेदुल्लागंज विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम पंचायत भीलखेड़ी और परखेड़ी में, सिलवानी विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम पंचायत कुण्डाली और पड़रियाकलां में तथा उदयपुरा अंतर्गत ग्राम पंचायत ग्राम पंचायत नयाखेड़ा और टिमरावन में विकसित भारत संकल्प यात्रा पहुंची तथा इन ग्राम पंचायतों में शिविरों का आयोजन किया गया।

विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत इन ग्राम पंचायतों में आयोजित शिविरों के प्रारंभ में जनप्रतिनिधियों द्वारा आईईसी वैन (प्रचार रथों) का तिलक लगाकर स्वागत किया गया। इसके उपरांत शिविरों में शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं तथा कार्यक्रमों की जानकारी दी गई। साथ ही पात्र हितग्राहियों को योजनाओं के हितलाभ भी वितरित किए गए। शिविरों में आईईसी वैन द्वारा एलईडी के माध्यम से शासन की विभिन्न संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदर्शित की गई।

इसके अतिरिक्त शिविरों में पूर्व में शासन की योजनाओं का लाभ प्राप्त करने वाले हितग्राहियों द्वारा मेरी कहानी-मेरी जुबानी अंतर्गत योजना का लाभ पाने के बाद जीवन में आए बदलावों और आर्थिक उन्नति के बारे में अवगत कराया गया। शिविरों में स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति भी दी गई।



### *स्वास्थ्य शिविरों का भी किया जा रहा है आयोजन*

*विकसित भारत संकल्प यात्रा अंतर्गत ग्राम पंचायतों में स्वास्थ्य शिविर भी आयोजित किए जा रहे हैं। जिनमें स्वास्थ्य विभाग और आयुष विभाग द्वारा ग्रामीणों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण करते हुए आवश्यक परामर्श और उपचार भी किया जा रहा है। साथ ही आयुष्मान भारत सहित अन्य योजनाओं की जानकारी देते हुए आयुष्मान कार्ड और आभा आईडी बनाने हेतु आवेदन भी प्राप्त किए जा रहे हैं।*

### ड्रोन से खेतों में उर्वरक छिड़काव व मिट्टी परीक्षण का किया प्रदर्शन

विकसित भारत संकल्प यात्रा अंतर्गत ग्राम पंचायतों में कृषि विभाग द्वारा किसानों और ग्रामीणों के समक्ष ड्रोन के माध्यम से खेतों में उर्वरक, कीटनाशकों के छिड़काव का प्रदर्शन किया जा रहा है। साथ ही मिट्टी स्वास्थ्य परीक्षण की प्रक्रिया का भी प्रदर्शन करते हुए खतों से मिट्टी स्वास्थ्य परीक्षण के सैम्पल लिए जा रहे हैं। इसी क्रम में बाड़ी विकासखंड की ग्राम पंचायत अहमदपुर, औबेदुल्लागंज विकासखण्ड की ग्राम पंचायत भीलखेड़ी और सांची विकासखण्ड की ग्राम पंचायत खरबई में ड्रोन के माध्यम से खेतों में उर्वरक, कीटनाशकों के छिड़काव का प्रदर्शन किया गया। साथ ही खेतों की मिट्टी का स्वास्थ्य परीक्षण भी किया गया।

# गाली देने की बात से परेशान होकर कर दी हत्या, आरोपी को भेजा जेल

## अंधेकत्ल का पुलिस ने किया खुलासा, बेटी-दामाद निकले कातिल

हरिभूमि न्यूज ⏭सलामतपुर

सलामतपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत हलाली डैम छोटी पचमढ़ी में में 9 दिन पहले वृद्ध व्यक्ति का शव पुलिस को मिला था, जिसकी पहचान शंकर उर्फ इकबाल उम्र 60 साल निवासी सूखी सेवनिया जिला भोपाल के रूप में हुई थी। तकनीकी साक्ष्य के आधार पर हत्याकांड का पुलिस ने सोमवार को खुलासा किया। पुलिस ने आरोपी बेटी व दामाद को भोपाल से गिरफ्तार कर लिया है।

हत्याकांड का खुलासा करने में थाना प्रभारी दिनेश सिंह रघुवंशी, प्रधान आरक्षक विकास श्रीवास्तव, जितेन्द्र वर्मा, मंगलेश मालवीय, संजय लोवंशी, आरक्षक रोहित गोस्वामी, गगन शर्मा, महिला आरक्षक रीना राजपूत का महत्वपूर्ण भूमिका रही। वहीं पुलिस को पूछताछ में पता चला कि मृतक शंकर उर्फ इकबाल उम्र 60 वर्ष शराब पीकर गाली गलौज करता था। इसी विवाद को लेकर आरोपी बेटी रेशमा उम्र 27 साल ने अपने पति बादशाह उम्र 29 साल के साथ मिलकर 8 दिसंबर की रात में हलाली डैम छोटी पचमढ़ी के जंगल में ले जाकर पहले सर में पत्थर से बार किया फिर धारदार हथियार से बुजुर्ग की हत्या कर दी।_ रसबूत छुपाने के उद्देश्य से धारदार हथियार को नेरखेड़ी चौराहे के पास नदी में फेंक दिया था। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही से बरामद किया है। दोनों को न्यायालय में पेश कर आरोपियों को जेल भेज दिया है।



### थाना प्रभारी ने बताई पूरी वारदात

*थाना प्रभारी दिनेश सिंह रघुवंशी से मिली जानकारी के अनुसार आरोपी बादशाह उम्र 29 वर्ष उसकी पत्नी रेशमा 27 वर्ष निवासी सूखी सेवनिया जिला भोपाल द्वारा आरोपी रेशमा की मां के दूसरे पति शंकर उर्फ इकबाल उम्र 60 वर्ष को अपने पति के साथ मिलकर इसलिए मौत की घाट उतार दिया कि वह रोज-रोज शराब पीकर उनका साथ गाली गलौज करता था आरोपी पति-पत्नी 8 दिसंबर की रात्रि में अपनी मोटरसाइकिल पर मृतक शंकर उर्फ इकबाल को बिठाकर ले और उसकी जमकर शराब पिलाई फिर हलाली डैम छोटी पचमढ़ी के जंगल में पहले पत्थर से सर में वार किया फिर धार दार हथियार पेट में गोंदकर हत्या कर दी और साक्षी छुपाने के उद्धेश्य से धारदार हथियार को नदी में फेंक दिया पुलिस ने सीसीटीवी कैमरा और तकनीकी साक्ष्य के आधार पर दोनों से शक्ति से पूछताछ की जिसमें दोनों ने अपना जुर्म कबूल किया पुलिस ने न्यायालय में पेश कर दोनों को जेल भेज दिया है।*

# स्कूल भवन में अवैध रूप से रखी सीमेंट की बोरियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ बेगमगंज

तहसील के सुल्तानगंज क्षेत्र स्थित ग्राम पड़रिया राजाधार की एकीकृत शाला शासकीय हाई स्कूल के खाली पड़े एक रूम में अवैध तरीक़े से सीमेंट की करीबन चार सौ बोरियां रखी पाई गई, जिसकी जानकारी प्रशानिक अमले को जिले के वरिष्ठ कार्यालय से प्राप्त हुई।

जानकारी लगते ही जांच करने नायब तहसीलदार महेंद्र सिंह राजपूत, सुल्तानगंज थाना प्रभारी श्यामराज सिंह, हल्का पटवारी प्रदीप शर्मा, ग्राम पंचायत पड़रिया राजाधार रोजगार सहायक कृष्ण कुमार प्रजापति पहुंचे। जहां उक्त सीमेंट की बोरियां रखी पाई गई। जिसकी जानकारी स्कूल प्रबंधन समेत ग्रामीणों से एकत्रित की, तत्पश्चात बिल्डिंग भवन को सील कर, पंचनामा बनाकर वरिष्ठ कार्यालय को प्रेषित किया।

जानकारी के अनुसार उक्त सीमेंट की बोरियां सिंचाई विभाग द्वारा डेम निर्माण कार्य हेतु बताई जा रही है, जो एकत्रित करके स्कूल भवन के एक खाली पड़े रूम में रखी गई थी।

हालांकि पूरा मामला राजनैतिक संरक्षण का बताया जा रहा है, जिसके चलते स्कूल भवन के अनुपयोगी कमरे का सीमेंट रखने हेतु उपयोग किया गया है।




# रायसेन के गांवों में रहकर ग्रामीण-विकास को जानेंगे आईआईएम इंदौर के 24 विद्यार्थी

## कलेक्टर दुबे से आईआईएम इंदौर से आए 24 विद्यार्थियों ने की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

भारतीय प्रशिक्षण संस्थान (आईआईएम) इंदौर के 24 विद्यार्थी जिले के गॉवों का भ्रमण करेंगे। वे यहां रहकर ग्रामीण क्षेत्रों में विकास कार्यो, योजनाओं के क्रियान्वयन तथा ग्रामीण विकास कार्यो की पद्धति सीखेंगे। कलेक्टर अरविंद दुबे से कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आईआईएम इंदौर से आए 24 विद्यार्थियों ने मुलाकत की। विद्यार्थी जिले में ग्रामीण क्षेत्रों के भ्रमण पर आए हैं। कलेक्टर से भेंट करने के उपरांत यह विद्यार्थी सिलवानी और बेगमगंज के लिए रवाना हुए।

कलेक्टर ने बैठक में विद्यार्थियों से कहा कि जिले में ग्रामीण विकास कार्यो का प्रभावी क्रियान्वयन किया जा रहा है। जिले में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी, प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन, प्रधानमंत्री पोषण शक्ति कार्यक्रम और राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन सहित अन्य विकास कार्य प्राथमिकता से किए जा रहे हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि इन कार्यो से ग्रामीण जनजीवन में बेहतर और सकारात्मक बदलाव देखने को मिल रहे हैं। आप भी इन बदलाव को देखें, समझे और सीखें।

कलेक्टर ने विद्यार्थियों को बताया कि अब ग्रामों में विकास कार्यो हेतु ग्राम पंचायत स्तर पर ही अधिकतम निर्णय लिए जाते हैं तथा इनके क्रियान्वयन हेतु शासन द्वारा राशि दी जाती है। उन्होंने विद्यार्थियों के साथ जिले की भौगोलिक स्थिति, जनसंख्या, वन क्षेत्र आदि के बारे में चर्चा करते हुए बताया कि जिले की लगभग 80 प्रतिशत आबादी क्षेत्र में निवासरत है।

बैठक में पुलिस अधीक्षक श्री विकास शहवाल ने विद्यार्थियों से कहा कि उनके द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों का भ्रमण और विकास कार्यो की पद्धति को जानना अच्छा अनुभव रहेगा। डीएफओ श्री विजय कुमार द्वारा भी जिले में वन क्षेत्रफल, वन्य जीवों, वन संरक्षण हेतु किए जा रहे कार्यो के बारे में बताया।

जिपं सीईओ अंजू पवन भदौरिया द्वारा भी विद्यार्थियों को ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित योजनाओं, विकास कार्यो, गतिविधियों आदि के बारे में बताया।



# तहसील कार्यालय के नवीन भवन की गुणवत्ता पर उठ रहे हैं सवाल

**बाड़ी।** तहसील कार्यालय के काम में निर्माण एजेंसी खुद ही अपने काम का मूल्यांकन कर रही है। देखने में आता है इस भवन का ठेका और निर्माण एजेंसी की जमीनी हकीकत पर कई सवाल खड़े हुए हैं, पर निरीक्षण करने वाले अधिकारी इसको नजर अंदाज कर रहे हैं। कहा जाता है कि भ्रष्टाचार के युग में भ्रष्टाचार हर व्यक्ति के खून में रच बस गया है। उसी के परिणाम स्वरूप निर्माण एजेंसी कम कर रही है। काम करने का आधार मात्र कमीशन है। शासन का कार्य आदेश और निर्माण एजेंसी द्वारा मिश्रण किए मटेरियल एवं क्वालिटी में काफी अंतर है। यदि जांच कराई जाए तो घोटाला सामने आएगा।



गुणवत्ता और गति को नजर अंदाज करने से भवन निर्माण की नीव काफी कमजोर रखी जा रही है। निगरानी और निरीक्षण अधिकारियों की टीम गठित की जाती है लेकिन संबंधित विभाग ने ठेकेदार को लाभ देने के लिए टीम का गठन नहीं किया।

एक इंजीनियर और मनपसंद लोगों की दम पर निर्माण एजेंसी कम कर रही है। मामले में पत्रकार महेंद्र शर्मा ने कलेक्टर से भवन की जांच करते हुए जिम्मेदार निरीक्षण अधिकारी की मासिक रिपोर्ट और अभी तक किए कार्य की जांच प्रतिवेदन लेने की मांग की है, जिसमें अधिकारी ने निर्माण कार्य को कितना सफल बताया है जबकि जमीनी हकीकत कुछ और कह रही है।

# सड़क हादसों को रोकने के लिए कलेक्टर-एसपी ने दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक कलेक्टर अरविंद दुबे की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की गई। जिसमें उन्होंने जिले में सड़क दुर्घटनाओं को रोकने, यातायात नियमों का पालन करने हेतु नागरिकों को जागरूक करने किए जा रहे कार्यो, गतिविधियों की समीक्षा की।

कलेक्टर ने जिले में दुर्घटना संभावित क्षेत्रों को चिन्हांकित करते हुए दुर्घटनाओं को रोकने आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होंने सेंडोरा-सदालतपुर-रायसेन मार्ग तिराहा क्षतिग्रस्त होने पर लोक निर्माण विभाग के अधिकारी को मरम्मत कराने के निर्देश दिए। इसी प्रकार सांची और खरबई में 146-हाईवे पर लगाई गई रैलिंग के क्षतिग्रस्त होने से सड़क मार्ग पर पशुओं के अचानक सामने आ जाने दुर्घटना की संभावना बने रहने पर कलेक्टर श्री दुबे ने एनएच अधिकारी को रैलिंग ठीक कराने के निर्देश दिए। बैठक में उदयपुरा-गाडरवारा ओवर ब्रिज पर रैलिंग लगानए जाने के संबंध में भी निर्देश दिए गए। साथ ही सांची-गुलगांव ओवरब्रिज प्वाइंट पर दुर्घटनाओं को रोकने के लिए भी आवश्यक कदम उठाने के निर्देश अधिकारियों को दिए गए हैं। बैठक में उप संचालक कृषि तथा कृषि उपज मण्डी अधिकारी को ट्रेक्टर-ट्रालियों के पीछे रेडियम लगवाए जाने के संबंध में निर्देश दिए गए।

बैठक में एसपी विकास शहवाल ने बताया कि लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि अधिकतर वाहनों की दुर्घटनाओं में चालक द्वारा हेलमेट नहीं पहनने, सीट बेल्ट नहीं लगाने के कारण मृत्यु या गंभीर चोट की स्थिति बनती है। इसके दृष्टिगत जागरूकता कार्यक्रमों, गतिविधियों के माध्यम से नागरिकों को हेलमेट पहनने, सीट बेल्ट लगाने की समझाईश दी जा रही है।




# मीट-मटन दुकानें हटाने दी हिदायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बेगमगंज

सोमवार को नियमों का पालन न करने और अवैध रूप से संचालित होने वाली मीट मटन की दुकानों पर नगर पालिका के अमले ने कलेक्टर के निर्देश पर कार्रवाई की गई। गंज बाजार भोपाल मार्ग बस स्टैण्ड के पास संचालित होने वाली मीट मटन की दुकानों पर पहुंच कर नपा अमले ने दुकानदारों को हिदायत दी कि नियमों का पालन करे खुले में मीट मटन ना बेचें।

बता दें कि मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के आदेश पर जिला प्रशासन द्वारा शहर में संचालित होने वाली सभी मीट मटन की दुकानों को व्यवस्थित करने और खुले में ना बेचने को लेकर दो दिन पहले ही रूपरेखा बनाई गई थी। सोमवार को इन दुकान संचालकों को नियम का पालन करने नपा के अमले ने पहुंचकर सक्ति के साथ हिदायत दी।




# मानवता दिखाइए जज साहब!

## छात्रों को सम्मान पूर्वक सम्मानित कीजिए

हरिभूमि न्यूज ⏭रायसेन

जिएंगे इस राष्ट्र के लिए मरेंगे इस राष्ट्र के लिए आखिरी सांस तक करेंगे सेवा इस समाज के लिए। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का कार्यकर्ता इन पंक्तियों में समाहित भाव को लेकर कार्य करता है। यह कथन अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के पूर्व विभाग संयोजक शुभम उपाध्याय ने कही।

उन्होंने कहा कि निजी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो रणजीत सिंह जी का दिल्ली से झांसी जाते समय ट्रेन में अचानक स्वास्थ्य खराब हो गया। वहीं राष्ट्रीय अधिवेशन दिल्ली से लोट रहे अभाविप के कार्यकर्ताओं ने कुलपति को रेलवे स्टेशन पर उतारा और पुलिस को सूचना दी। एंबुलेंस समय पर नहीं आई और ना ही पुलिस प्रशासन। अभाविप्र के दो छात्रों ने वहां खड़ी न्यायाधीश की कार का उपयोग कुलपति को अस्पताल ले जाने के लिए किया तो वहां की पुलिस ने छात्रों पर डकैती का केस लगा कर उन्हें जेल भेज दिया। ग्वालियर में कुलपति की जान बचाने के प्रयास के लिए अभाविप कार्यकर्ताओं पर अपराधिक मुकदमा दर्ज कर जेल भेजना बहुत ही निंदनीय है। विद्यार्थी परिषद एक राष्ट्रवादी संगठन है, परिषद हमें मदद करना सिखाता है यदि छात्रों को न्याय नहीं मिला तो कोई भी कार्यकर्ता मदद के लिए आगे नहीं आएगा। जो धाराएं डाकुओं पर लगाई जाती है, वह गंभीर धाराएं आज विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं पर लगाई जा रही है। यह छात्रों के साथ अमानवीय व्यवहार है।



प्रशासन को परिस्थिति देखते हुए निर्णय लेना चहिए। कोई भी निर्णय लेने से पूर्व हमे स्वयं को उस जगह रखकर देखना चाहिए, की हम उस परिस्थिति में होते तो क्या करते। मैं एक युवा हूं और ये मांग करती हूं की छात्रों को जल्दी पूरे सम्मान से छोड़ दिया जाए।

### शहरवासियों ने जगह-जगह पुष्प वर्षा कर किया जोरदार स्वागत

# धूमधाम के साथ शहर में निकली शिव-बारात

हरिभूमि न्यूज ⏭रायसेन

सोमवार को नगर के गंजबाजार बालाजी धाम से भगवान शिव की बारात धूमधाम के साथ निकली गई, जिसका नगर में जगह-जगह लोगों ने पुष्प वर्षा कर जोरदार स्वागत किया। भगवान शिव की बारात गंज बाजार से लेकर भोपाल रोड भोपाल सागर चौराहा होते हुए रामलीला गेट के सामने से महामाया चौक के सामने पहुंची। जहां सनातन धर्म प्रेमियों ने गुलाब के फूलों से वर्षा कर शिव बारात का अभूतपूर्व स्वागत किया।

इसके पश्चात नगर पालिका के सामने पूर्व नपा अध्यक्ष एवं भाजपा नेता जमना सेन, अनिल चौरसिया सहित उनके अनेक समर्थकों द्वारा पुष्प वर्षा के साथ शिव बारात का स्वागत किया। इसके साथ ही बारात रामलीला मार्ग होते हुए मेला स्थल रामलीला मैदान पहुंची जहां रामलीला के मंच पर भगवान शिव की महा आरती का आयोजन किया, जिसमें शिवजी की महा आरती पं राजेंद्र शुक्ला एवं संदीप दुबे द्वारा विधि विधान के साथ कराई गई।





### रामलीला में आज होगी श्रीराम जन्म की भव्य प्रस्तुति

श्री रामलीला महोत्सव के चलते आज मंगलवार को रामलीला मैदान में भगवान श्री राम जन्मोत्सव की भाव प्रस्तुति स्थली कलाकारों द्वारा की जाएगी, इस मनमोहक लीला को देखने के लिए मैदान में दर्शक उत्साह के साथ मौजूद रहेंगे।

रामलीला मेला समिति के मीडिया प्रभारी सीएल गौर ने बताया कि श्री रामलीला महोत्सव के दौरान अब प्रतिदिन श्री रामचरित्र मानस के आधार पर स्थानीय कलाकारों द्वारा रामायण जी के विभिन्न प्रसंगों की लीला का मंचन बेहतर ढंग से किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस बार रामलीला मैदान में विभिन्न प्रकार के आकर्षक झूले लगाए गए हैं।

मेला स्थल पर तेजी के साथ कई प्रकार की दुकान लगाई जा रही हैं। रामलीला मंचन के लिए मंच भी आकर्ष ढंग से सजाया जा रहा है, जहां प्रतिदिन आकर्षक रामलीला का मंचन कलाकारों द्वारा किया जाएगा। उन्होंने शहर के सभी धर्म प्रेमियों से इस रामलीला महोत्सव में अपना योगदान देते हुए धर्म का लाभ उठाए जाने की अपील की है।